# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## सितम्बर भाग-2 2020

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

# प्रश्न Part -2

1. 'कलिंगा क्रिकेट फ्रॉग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह प्रजाति भारत के पूर्वी घाट में ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश की ऊँची-ऊँची पहाड़ी श्रेणियों पर पाई जाती है।
   2. भौतिक विशेषताओं के संदर्भ में यह प्रजाति पूरी तरह से पश्चिमी घाट की फेजेर्वराया/मिनेर्वराया प्रजातियों (Fejervaraya/Minervarya) से भिन्न होती है।
   3. इस प्रजाति में 'मॉर्फोलॉज़िकल फेनोटाइपिक प्लास्टिसिटी' (MPP) की मौजूदगी होती है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3
2. 'कर्मचारी भविष्य निधि संगठन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह सभी वेतनभोगी कर्मचारियों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करता है।
   2. इसके नियमों के अनुसार भविष्य निधि (PF) की राशि को सेवानिवृत्ति से पूर्व नहीं निकाला जा सकता है।
   3. इसके प्रावधानों के मुताबिक भविष्य निधि (PF) की राशि प्राप्त करते समय किसी भी स्थिति में कर का भुगतान नहीं करना होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 3
   c. केवल 2 और 3
   d. 1, 2 और 3
3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. एंटी सैटेलाइट (A-SAT) मिसाइल सिस्टम अग्नि मिसाइल एवं एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम का मिश्रण है।
   2. पृथ्वी की सतह के 160 किमी. से 2000 किमी. की परिधि को 'लो अर्थ ऑर्बिट' (Low Earth Orbit) कहते हैं।
   3. भारत में एंटी सैटेलाइट (A-SAT) मिसाइल का विकास इसरो (ISRO) ने किया है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3
4. 'विधि विज्ञान सेवा निदेशालय' (DFSS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. DFSS की स्थापना पद्मनाभ समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
   2. यह केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत संचालित होता है।
   3. वर्तमान में DFSS के तहत देश के 16 राज्यों में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएँ संचालित होती हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

नोट :

5. हाल ही में चर्चा में रहा शब्द 'अब्राहम एकॉर्ड' (Abraham Accord) किस घटना/विषय से संबंधित है?
   a. इज़राइल एवं फिलिस्तीन के बीच एक शांति समझौता
   b. इज़राइल एवं जॉर्डन के बीच एक युद्ध विराम संधि
   c. इज़राइल, बहरीन एवं यूएई के बीच एक शांति समझौता
   d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. इस प्रकार के संसदीय प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य हाल के किसी ऐसे अविलंबनीय लोक महत्त्व के विषय की ओर जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, सदन का ध्यान आकर्षित करना होता है। हालाँकि यहाँ यह महत्त्वपूर्ण है कि सदन के किसी सदस्य द्वारा जो भी मुद्दा उठाया जा रहा है वह इतना गंभीर होना चाहिये कि उसका समूचे देश पर और देश की सुरक्षा पर कुप्रभाव पड़ता हो तथा सदन के लिये अपने सामान्य कार्य को रोक कर उस विषय पर तत्काल विचार करना आवश्यक हो। इस प्रस्ताव के तहत चर्चा किये जाने वाला विषय ऐसा होना चाहिये जिसके लिये प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भारत सरकार ज़िम्मेदार हो। इस प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होने के पश्चात् सदन अध्यक्ष के पास सदन को स्थगित करने की शक्ति नहीं होती है।

   उपर्युक्त गद्यांश में संसद के निम्नलिखित में से किस प्रस्ताव का उल्लेख किया गया है?
   a. धन्यवाद प्रस्ताव
   b. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव
   c. अविश्वास प्रस्ताव
   d. स्थगन प्रस्ताव

7. 'राष्ट्रीय तटीय मिशन कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस मिशन की परिकल्पना 'जलवायु परिवर्तन के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना' के तहत की गई है।
   2. इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल तटीय पर्यावरण का संरक्षण करना बल्कि विकास को बढ़ावा देना, राजस्व उत्पन्न करना और रोज़गार प्रदान करना है।
   3. इस कार्यक्रम में आईसीज़ेडएम परियोजना (ICZM Project) के सभी चरण शामिल किये गए हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

8. 'लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट-2020' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस रिपोर्ट में वर्ष 1970 से वर्ष 2016 के बीच वैश्विक कशेरुकी प्रजातियों की आबादी में औसतन 68% की गिरावट का उल्लेख किया गया है।
   2. यह रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) द्वारा जारी की जाती है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

9. हाल ही में चर्चा में रहा शब्द 'स्पूतनिक वी' (Sputnik V) किस क्षेत्र/विषय से संबंधित है?
   a. रूस द्वारा अंतरिक्ष में भेजा गया पहला कृत्रिम पृथ्वी उपग्रह
   b. गगनयान-2 मिशन के लिये रूस के सहयोग से निर्मित एक कृत्रिम उपग्रह
   c. रूस द्वारा विकसित उर्ध्वाधर लैंड (Vertical Landing) करने वाला रॉकेट
   d. रूस द्वारा COVID-19 के नियंत्रण हेतु विकसित एक वैक्सीन

नोट :

10. स्टार्टअप (Startup) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. ऐसे स्टार्टअप जिनका मूल्य 1 मिलियन डॉलर या इससे अधिक होता है, उन्हें यूनिकॉर्न स्टार्टअप भी कहा जाता है।
    2. भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में स्टार्टअप इंडिया योजना की शुरुआत की गई थी।
    3. हाल ही में जारी 'हुरुन ग्लो बल यूनिकॉर्न्स 2020' (Hurun Global Unicorns 2020) में भारत के 11 स्टार्टअप यूनिकॉर्न शामिल किये गए हैं।

    उपरोक्त कथनों में से कौन से सही **नहीं** हैं?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

11. संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रीय हिस्पैनिक विरासत माह (National Hispanic Heritage Month) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह वार्षिक कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर से 15 अक्तूबर तक मनाया जाता है।
    2. इस कार्यक्रम में उन अमेरिकी नागरिकों के इतिहास, संस्कृति एवं योगदान का सम्मान किया जाता है जिनके पूर्वज स्पेन, मैक्सिको, कैरिबियन और मध्य एवं दक्षिण अमेरिका से आए थे।
    3. हिस्पैनिक अमेरिकी (Hispanic Americans) वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह हैं।

    उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

12. 'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इस योजना का प्रारंभ 1 जुलाई, 2016 को किया गया था।
    2. इस योजना के तहत बीमित व्यक्तियों को बेरोज़गारी की दशा में नकद मुआवजा प्रदान किया जाता है।
    3. इस योजना का कार्यान्वयन 'कर्मचारी राज्य बीमा निगम' (ESIC) द्वारा किया जा रहा है।

    उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. कोरोनल मास इजेक्शन्स (CME) सूर्य के कोरोना से प्लाज़्मा एवं चुंबकीय क्षेत्र का विस्फोट है जिसमें अरबों टन कोरोनल सामग्री उत्सर्जित होती है।
    2. सौर चक्र 24 (Solar Cycle 24) की अवधि दिसंबर, 2008 से दिसंबर, 2019 तक थी।
    3. सौर सुनामी चुंबकीय क्षेत्र की तरंगें हैं और सूर्य से लगभग 400 किमी. प्रति सेकंड की गति से गर्म, आयनीकृत गैस के रूप में गति करती हैं।

    उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

नोट :

14. भारत-अमेरिका संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2002 में 'सैन्य सूचना समझौते की सामान्य सुरक्षा' (GSMIA) पर हस्ताक्षर किये गए थे।
2. भारत द्वारा क्वाड (QUAD) के सभी सदस्यों के साथ '2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक' का आयोजन किया जाता है।
3. भारत और अमेरिका के बीच किया गया 'संचार संगतता एवं सुरक्षा समझौता' (COMCASA) वर्ष 2050 तक वैध है।

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

15. 'कृषि उपज वाणिज्य एवं व्यापार (संवर्द्धन एवं सुविधा) विधेयक-2020' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस विधेयक में राज्य APMC अधिनियम के तहत गठित बाज़ार समितियों द्वारा संचालित और प्रबंधित परिसरों तथा संरचनाओं को व्यापार क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है।
2. इस विधेयक के लागू होने के बाद कोई भी पैन कार्ड धारक व्यापारी, निर्धारित व्यापार क्षेत्र में किसानों की उपज खरीद सकता है।
3. इस विधेयक में किसान या व्यापारी पर राज्य सरकारों द्वारा कोई भी 'बाज़ार शुल्क या उपकर या लेवी' लागू करने की अनुमति नहीं है।

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

16. वाकर संचरण (Walker Circulation) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में क्षोभमंडलीय वायु संचरण है जो विषुवत रेखा के निकट विशेष अक्षांशों का अनुसरण करता है।
2. वाकर संचरण के मज़बूत होने से भारतीय मानसून पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1951 का चंपकम दोरायराजन बनाम मद्रास राज्य वाद, मौलिक अधिकारों तथा नीति निदेशक तत्त्वों में सर्वोच्चता के प्रश्न से संबंधित है।
2. मौलिक अधिकारों को संविधान का संरक्षण प्राप्त है और वे न्याय योग्य हैं, जबकि नीति निदेशक तत्त्वों के साथ ऐसा नहीं है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

18. 'सिंधु जल संधि' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत और पाकिस्तान के बीच इस संधि पर वर्ष 1965 में हस्ताक्षर किये गए थे।
   2. इस संधि के तहत सिंधु नदी तंत्र के अंतर्गत 6 नदियों के जल को दोनों देशों के बीच बराबर (50:50) हिस्सों में बाँट दिया गया था।
   3. इस संधि के क्रियान्वयन हेतु स्थायी सिंधु आयोग (Permanent Indus Commission) का गठन किया गया है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन से सही **नहीं** हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

19. इस परियोजना के तहत देश के नए संसद भवन का निर्माण प्रस्तावित किया गया है जो कि आकार में त्रिकोणीय होगा और वर्तमान संसद भवन के पास ही बनाया जाएगा। इसके अलावा इस परियोजना के तहत नई दिल्ली में नॉर्थ व साउथ ब्लॉक को संग्रहालय में बदल दिया जाएगा और इसके स्थान पर दैनिक कार्यों के लिये नए भवनों का निर्माण किया जाएगा।

   उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस परियोजना को संदर्भित किया गया है?
   a. केंद्रीय नवनिर्माण परियोजना
   b. सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना
   c. प्रधानमंत्री आवास योजना
   d. सागरमाला परियोजना

20. 'नंदनकानन ज़ूलॉजिकल पार्क' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. नंदनकानन ज़ूलॉजिकल पार्क आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में अवस्थित है।
   2. इसकी स्थापना वर्ष 1960 में की गई थी।
   3. यह पार्क इंडियन पैंगोलिन और सफेद बाघ का प्रजनन केंद्र है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

21. 'वैभव शिखर सम्मेलन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस शिखर सम्मेलन की शुरुआत 2 अक्तूबर, 2020 को होगी।
   2. यह प्रवासी भारतीय एवं देश के वैज्ञानिकों व शिक्षाविदों का एक वैश्विक शिखर सम्मेलन है।
   3. इस शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) मिलकर कर रहे हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

22. 'काकतीय राजवंश' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस वंश की पहली राजधानी हनुमानकोंडा थी जिसे बाद में वारंगल स्थानांतरित कर दिया गया।
   2. गणपति देव, इस वंश का महान शासक था, जिसने चोलों से जीत कर कांची तक के क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया था।
   3. 1309 ईस्वी में मलिक काफूर ने काकतीय वंश के शासक प्रतापरुद्र-II के शासन के दौरान वारंगल पर आक्रमण किया था।

नोट :

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. 1, 2 और 3
d. केवल 1 और 3

23. 'बैम्बू शूट' (Bamboo shoots) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बाँस के सुपाच्य नए अंकुरित बेंत होते हैं जो मिट्टी की सतह के नीचे ही निर्मित होते हैं।
2. यह वायरल हमलों के लिये मानव शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिये सबसे सस्ती इम्युनिटी बूस्टर का कार्य करते हैं।
3. बाँस की 136 प्रजातियों के साथ बाँस विविधता के मामले में भारत पहले स्थान पर है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

24. 'अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस दिवस की स्थापना 'रेड क्रॉस सोसाइटी' द्वारा की गई थी।
2. इस दिवस की शुरुआत वर्ष 1981 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी और वर्ष 1982 में पहली बार यह दिवस मनाया गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और ही 2

25. भारत में अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के संविधान में अविश्वास प्रस्ताव का कोई उल्लेख नहीं है।
2. अविश्वास प्रस्ताव केवल लोकसभा में ही पुनर्स्थापित किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

26. 'कोमोडो ड्रैगन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे दुनिया की सबसे बड़ी छिपकली कहा जाता है।
2. इसे IUCN की रेड लिस्ट में कम संकट की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।
3. कोमोडो ड्रैगन में विष ग्रंथियाँ पाई जाती हैं जो विषाक्त पदार्थों से भरी होती हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

27. हाल ही में समाचारों में रहा 'रोड्रिग्स ट्रिपल जंक्शन' है:
   a. समुद्री जलधाराओं का मिलन बिंदु
   b. विवर्तनिक प्लेटों का मिलन बिंदु
   c. पछुआ पवनों का उद्भव केंद्र
   d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. 'मेडिकेंस' (Medicanes) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. ये उष्णकटिबंधीय चक्रवात की तरह होते हैं जो भूमध्य सागर के ऊपर बनते हैं।
   2. ये आम तौर पर गर्मियों के महीनों में निर्मित होते हैं।
   3. ये उष्णकटिबंधीय चक्रवात, हरिकेन एवं टाइफून की तुलना में अपेक्षाकृत ठंडे जल में अधिक विकसित होते हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 2
   d. 1, 2 और 3

29. हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने आगरा में निर्माणाधीन मुगल संग्रहालय का नाम किस प्रसिद्ध व्यक्ति के नाम पर रखने की घोषणा की है?
   a. होमी भाभा
   b. भगत सिंह
   c. कस्तूरबा गांधी
   d. छत्रपति शिवाजी महाराज

30. विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs) के रूप में वर्गीकरण के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा एक मापदंड नहीं है?
   a. आदिम-कृषि प्रणाली का प्रचलन
   b. लिखित भाषा की अनुपस्थिति
   c. शून्य या नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि
   d. कौशल का अभाव

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. नानकपंथी, केवल वे ही लोग कहलाते हैं जो सिख धर्म में विश्वास करते हैं।
   2. गुरु नानक देव 10 सिख गुरुओं में से पहले गुरु और सिख धर्म के संस्थापक हैं।
   3. सिख धर्म के अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की जो सैनिक-संतों का विशिष्ट समूह था।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

32. शुचि योजना (Shuchi Scheme) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस योजना की शुरुआत वर्ष 2013-14 में की गई थी।
   2. इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों में मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाना था।

   उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

33. 'चिकित्सा उपकरण पार्क' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत का पहला चिकित्सा उपकरण पार्क केरल में स्थापित किया जाएगा।
2. यह पुणे स्थित 'अगरकर अनुसंधान संस्थान' और केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (KSIDC) की संयुक्त पहल है।
3. इसका उद्देश्य चिकित्सकीय उपकरण उद्योग को अनुसंधान एवं विकास, परीक्षण एवं मूल्यांकन जैसी सेवाओं की एक पूर्ण शृंखला उपलब्ध कराना है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी भी वस्तु को 'आवश्यक वस्तु' के रूप में अधिसूचित करने का अधिकार केवल राज्य सरकार के पास होता है।
2. किसी वस्तु को 'आवश्यक वस्तु' के रूप में घोषित करने से सरकार उस वस्तु के उत्पादन, आपूर्ति और वितरण को नियंत्रित कर सकती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

35. हाल ही में समाचारों में रहा 'अभ्यास' (ABHYAS) संबंधित है:

a. भारत-ऑस्ट्रेलिया नौसैनिक अभ्यास
b. योग की एक विधा
c. DRDO द्वारा परीक्षण किया गया एक स्वदेशी ड्रोन
d. दिव्यांगों के लिये चलाया गया एक अभियान

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऐसे रोग जो पशुओं के माध्यम से मनुष्यों में फैलते है उन्हें ज़ूनोटिक रोग कहा जाता है।
2. ब्रुसेलोसिस, दुनिया भर में सबसे महत्त्वपूर्ण ज़ूनोटिक रोगों में से एक है और यह बीमारी भारत में भी स्थानिक है।
3. 'ब्रुसेलोसिस नेटवर्क प्रोग्राम' का वित्त पोषण भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'कोरल त्रिभुज' इंडोनेशिया, मलेशिया, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, सोलोमन द्वीप और तिमोर के ऊपर 6 मिलियन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला समुद्र का एक हिस्सा है।
2. दक्षिण-पश्चिम प्रशांत महासागर में मेलनेशिया (Melanesia) में अवस्थित न्यू गिनी टॉरेस जलसंधि (Torres Strait) द्वारा ऑस्ट्रेलियाई महाद्वीप से अलग होता है।

**नोट :**

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

38. 'इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIT)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक 'InvIT इनिशियल पब्लिक ऑफर' में न्यूनतम निवेश राशि 50 लाख रुपए है।
2. InvIT को सेबी (इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट्स) विनियमन, 2014 द्वारा विनियमित किया जाता है।
3. InvITs ऐसे उपकरण हैं जो म्यूचुअल फंड की तरह कार्य करते हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. केवल 3

39. 'विश्व जोखिम सूचकांक-2020' में भारत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस सूचकांक में भारत, दक्षिण एशिया में सबसे अधिक जोखिम वाला देश है।
2. चरम घटनाओं से निपटने की तैयारियों के मामले में भारत ने दक्षिण एशिया के सभी देशों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

40. 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 10 अस्थायी सदस्यों का चुनाव क्षेत्रीय आधार पर किया जाता है।
2. सुरक्षा परिषद के निर्णय सदस्य देशों पर बाध्यकारी होते हैं।
3. G-4 देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार और उसकी संरचना में सुधार का विरोध कर रहे हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. केवल 3

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में वर्णित 22 भारतीय भाषाओं में लेखन करने वाले साहित्यकार को साहित्य के क्षेत्र में आजीवन योगदान हेतु ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
2. पहली बार ज्ञानपीठ पुरस्कार वर्ष 1965 में मलयालम साहित्यकार जी. शंकर कुरुप को दिया गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

42. 'सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' (CIPET) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 1968 में भारत सरकार ने चेन्नई (तमिलनाडु) में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की सहायता से की थी।
3. यह संस्थान शिक्षा एवं अनुसंधान के संयुक्त कार्यक्रम के माध्यम से प्लास्टिक उद्योग के विकास को बढ़ावा देता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

43. भारत में 'हेट स्पीच' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय दंड संहिता की धारा-153A जाति, नृजातीयता, धर्म, लिंग या जन्मस्थान को लेकर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने से संबंधित है।
2. भारतीय दंड संहिता की धारा-295A धार्मिक आधार पर हेट स्पीच को अपराध घोषित करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

44. लूसेर पारितंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में स्थित एक वन क्षेत्र है।
2. यह ऑरंगुटान, हाथी, बाघ, गैंडे और सन बियर्स के सहवास का अद्वितीय उदाहरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

45. 'विश्व समुद्री दिवस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस दिवस का आयोजन पहली बार वर्ष 2000 में किया गया था।
2. इस दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के अंतिम गुरुवार (Thursday) को किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं-

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

46. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| सैन्य अभ्यास | | संबंधित देश |
|---|---|---|
| 1. इंद्र-2020 | : | भारत-रूस |
| 2. जिमेक्स 20 | : | भारत-सिंगापुर |
| 3. मालाबार | : | भारत-अमेरिका-जापान |

उपरोक्त युग्मों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

47. 'इपिपेलैजिक मंडल' (Epipelagic Zone) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस महासागरीय मंडल का विस्तार महासागरीय सतह से 200 मीटर की गहराई तक होता है।
2. फाइटोप्लैंकटन तथा जूप्लैंकटन के साथ-साथ अधिकांश सागरीय जीवन इसी मंडल में पाया जाता है।
3. अधिकांश मानवीय गतिविधियाँ जैसे- मत्स्यन, समुद्री परिवहन आदि इसी मंडल में संपन्न होती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कन्नड़ भाषा को समृद्ध बनाने का श्रेय रत्नत्रयी कहे जाने वाले पम्पा, पोन्न, रन्न नामक कवियों को जाता है।
2. मलयालम भाषा के उत्थान में थुनचातु एझुथच्चन का काफी योगदान रहा जिसके कारण इन्हें 'आधुनिक मलयालम भाषा का पिता' कहा जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

49. हाल में समाचारों में रहा वैश्विक आंदोलन 'फ्राइडेज़ फॉर फ्यूचर' किससे संबंधित है?

a. महिला सशक्तीकरण
b. नशे और ड्रग्स से मुक्ति
c. जलवायु न्याय की मांग
d. ट्रांसजेंडर्स के अधिकारों के लिये लड़ना

50. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस आयोग ने चिकित्सा शिक्षा और व्यवसाय के शीर्ष नियामक के तौर पर भारतीय चिकित्सा परिषद (MCI) का स्थान लिया है।
2. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के अनुसार, इस आयोग में कुल 25 सदस्य होंगे, जिनकी नियुक्ति एक विशेष समिति की सिफारिशों पर केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भगत सिंह ने इटली के 'युवा इटली आंदोलन' से प्रेरित होकर मार्च, 1926 में भारतीय समाजवादी युवा संगठन 'नौजवान भारत सभा' की स्थापना की थी।
2. लाला लाजपत राय ने ज्युसेपे मैज़िनी की प्रसिद्ध रचना 'द ड्यूटीज़ ऑफ मैन' (The Duties of Man) का उर्दू में अनुवाद किया।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

52. 'सैंडलवुड स्पाइक डिसीज़' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह फाइटोप्लाज़्मा (Phytoplasma) अर्थात् 'पौधे के ऊतकों के जीवाणु परजीवी' के कारण होता है जो कीट वैक्टर (Insect Vectors) द्वारा प्रेषित होते हैं।
2. वर्ष 1792 में हैदर अली ने 'सैंडलवुड' को मैसूर का 'रॉयल ट्री' घोषित किया था।
3. सैंडलवुड के प्राकृतिक आवासों में इस रोग के कारण वर्ष 1998 में सैंडलवुड को IUCN की रेड लिस्ट में 'सुभेद्य' (Vulnerable) श्रेणी में वर्गीकृत किया गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

53. 'कॉन्फ्रेंस ऑन इंटरेक्शन एंड कॉन्फिडेंस-बिल्डिंग मीजर्स इन एशिया' (CICA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CICA एशिया में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में सहयोग बढ़ाने के लिये एक बहु-राष्ट्रीय मंच है।
2. इसमें एशिया महाद्वीप से 27 सदस्य राष्ट्र शामिल हैं।
3. इसकी पहली मंत्रिस्तरीय बैठक सितंबर, 1999 में हुई थी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

54. प्रत्यक्ष लोकतंत्रात्मक प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रत्यक्ष लोकतंत्र में जनता अपनी शक्तियों का उपयोग अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से करती है।
2. स्विट्ज़रलैंड प्रत्यक्ष लोकतंत्रात्मक प्रणाली का प्रमुख उदाहरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

55. हाल ही में समाचारों में रहा 'नागोर्नो-करबख (Nagorno-Karabakh) क्षेत्र' निम्नलिखित में से किन दो देशों के बीच एक विवादित क्षेत्र है?

a. इज़राइल और फिलिस्तीन
b. भारत और चीन
c. मिस्र और सूडान
d. आर्मीनिया और अज़रबैजान

56. 'लैंटाना कैमरा' (Lantana Camara) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये एक प्रकार की घनी झाड़ियाँ होती है जिसके पत्तों एवं फलों में ज़हरीला पदार्थ पाया जाता है।
2. भारत में पहली बार वर्ष 1807 में इसका पता लगाया गया था।
3. 'मिशन लैंटाना' की शुरुआत राजस्थान के उदयपुर ज़िले के प्रसिद्ध सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में की गई है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

57. 'स्क्रब टाइफस' (Scrub Typhus) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बीमारी पिस्सू द्वारा फैलने वाले रिकेट्सिया टाइफी (Rickettsia Typhi) के कारण होती है।
2. यह बीमारी अधिकतर दक्षिण-पूर्व एशिया, इंडोनेशिया, चीन, जापान, भारत एवं उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के ग्रामीण क्षेत्रों में होती है।
3. वर्ष 1812 में रूस पर आक्रमण के दौरान नेपोलियन की सेना 'स्क्रब टाइफस' से संक्रमित हो गई थी जिससे वह पीछे हट गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 2 और 3
d. उपरोक्त में से कोई नहीं

58. हाल के वर्षों में वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि के लिये निम्न में से कौन-सा/से संभावित कारण हो सकता/सकते है/हैं?

1. जलवायु परिवर्तन
2. खराब भूमि प्रबंधन
3. हीट वेव्स की आवृत्ति में वृद्धि
4. सूखे की आवृत्ति में वृद्धि

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 1, 3 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

59. हड़प्पा सभ्यता के मोहनजोदड़ो स्थल से निम्नलिखित में से कौन-सी खोज/खोजें की गई थी/थीं?

1. विशाल स्नानागार
2. जुते हुए खेत
3. कांस्य की नर्तकी की मूर्ति
4. पशुपति महादेव की मुहर

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 4
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 1, 3 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

60. 'ईएसजी फंड' (ESG Fund) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक प्रकार का म्यूचुअल फंड होता है जिसमें निवेश स्थायी रूप से सतत् निवेश या सामाजिक रूप से उत्तरदायी निवेश के साथ किया जाता है।
2. भारत में पहला ईएसजी म्यूचुअल फंड 'बैंक ऑफ बड़ौदा' द्वारा लॉन्च किया गया था।
3. इस फंड को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा विनियमित किया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

61. कांगो फीवर (Congo Fever) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बीमारी बुन्याविरीडे परिवार के टिक-जनित वायरस अर्थात् नैरोवायरस से होती है।
2. यह बीमारी केवल अफ्रीका महाद्वीप के कांगो गणराज्य में किसी विशेष समय एवं स्थान पर अचानक फैलती है।
3. पहली बार इस बीमारी के वायरस का पता वर्ष 2013 में लगाया गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

62. सार्वजनिक-निजी भागीदारी के हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके अंतर्गत सरकार कार्य आरंभ करने के लिये डेवलपर को परियोजना लागत का 40% उपलब्ध कराती है।
2. यह EPC एवं BOT मॉडल का एक मिश्रित रूप है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/ से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

63. हाल ही में समाचारों में रहा 'पीएमएनसीएच अकाउंटबिलिटी ब्रेकफास्ट-2020' संबंधित है:

a. मातृ, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य से
b. प्रशासन में जवाबदेही से
c. COVID-19 के दौरान लिये जाने वाले पोषक तत्त्वों से
d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

नोट :

64. निम्नलिखित में से कौन-से विषय वर्ष 1976 में हुए 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से संविधान की समवर्ती सूची में शामिल किये गए थे?

1. वन्यजीवों एवं पक्षियों का संरक्षण
2. शिक्षा
3. वन
4. सहकारी समिति
5. अंतर-राज्य व्यापार एवं वाणिज्य

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1, 2 और 4
b. केवल 2, 4 और 5
c. केवल 1, 2 और 3
d. उपरोक्त सभी

65. हाल ही में किस देश के साथ भारत द्वारा हरित रणनीतिक साझेदारी समझौता किया गया है?

a. फिनलैंड
b. डेनमार्क
c. नॉर्वे
d. स्विट्ज़रलैंड

## व्याख्या

1. (d)

**व्याख्या:**

- कलिंगा क्रिकेट फ्रॉग (Kalinga Cricket Frog) को KCF या 'फेजेर्वराया कलिंगा' भी कहा जाता है। इस मेंढक प्रजाति से संबंधित जानकारियों का प्रलेखन वर्ष 2018 में किया गया था।
- इस प्रजाति को प्रायद्वीपीय भारत के पूर्वी घाट से खोजा गया था। इसे पूर्वी घाट की पहाड़ी शृंखलाओं के लिये स्थानिक माना जाता था। पूर्वी घाट में यह प्रजाति ओडिशा और आंध्र प्रदेश की ऊँची-ऊँची पहाड़ी श्रेणियों पर पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- शोधकर्त्ताओं के अनुसार, भौतिक विशेषताओं के संदर्भ में यह प्रजाति पूरी तरह से पश्चिमी घाट की फेजेर्वराया/मिनेर्वराया प्रजातियों (Fejervaraya/Minervarya) से भिन्न होती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय वैज्ञानिकों ने कलिंगा क्रिकेट फ्रॉग (Kalinga Cricket Frog) में 'मॉर्फोलॉज़िकल फेनोटाइपिक प्लास्टिसिटी' (Morphological Phenotypic Plasticity- MPP) की पहली तरह की खोज की सूचना दी है। MPP एक जीव की क्षमता है जो प्राकृतिक पर्यावरणीय विविधताओं या उत्तेजनाओं के प्रतिकार में कठोर रूपात्मक (भौतिक विशेषताएँ) विविधताओं को प्रदर्शित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

2. (a)

**व्याख्या:**

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) विश्व के सबसे बड़े सामाजिक सुरक्षा संगठनों में से एक सेवानिवृत्त निधि निकाय है जो भारत में सभी वेतनभोगी कर्मचारियों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह संगठन सदस्य कर्मचारियों की भविष्य निधि और पेंशन खातों का प्रबंधन करता है तथा कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 को लागू करता है।
- नियमों के अनुसार, एक व्यक्ति यदि दो माह से अधिक समय तक बेरोज़गार रहता है तो वह कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) से अपनी पूरी राशि प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा एक व्यक्ति होम लोन के मूल धन को चुकाने, चिकित्सा संबंधी आपात स्थिति, घर का नवीनीकरण, घर के नवीनीकरण, शादी एवं बच्चों की उच्च शिक्षा के लिये अपनी निवेश की गई राशि वापस ले सकता है। विदित हो कि होम लोन के मूल धन के भुगतान के लिये राशि निकलने हेतु आवश्यक है कि उस व्यक्ति ने अपनी पाँच वर्ष की सेवाएँ पूरी की हों। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- नियमों के मुताबिक यदि किसी के पास दो माह से रोज़गार नहीं है और वह भविष्य निधि (PF) से अपना धन वापस निकलता है तो उसे किसी भी प्रकार का कर भुगतान नहीं करना पड़ेगा वहीं यदि कोई व्यक्ति निरंतर पाँच वर्ष तक कार्यावधि पूरी करने के पश्चात् भविष्य निधि (PF) से पैसे निकालता है तो भी उसे किसी प्रकार का कर भुगतान नहीं करना पड़ेगा। हालाँकि यदि कोई पाँच वर्ष की सेवा पूरी करने से पहले अपना धन वापस लेता है, तो उसे 10% की दर से TDS का भुगतान करना पड़ेगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

3. (a)

**व्याख्या:**

- एंटी सैटेलाइट (A-SAT) मिसाइल सिस्टम अग्नि मिसाइल और एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम का मिश्रण है। यह इंटरसेप्टर मिसाइल दो सॉलिड रॉकेट बूस्टरों सहित तीन चरणों वाली मिसाइल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 27 मार्च, 2019 को ओडिशा के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप (Dr APJ Abdul Kalam Island) से एंटी-सैटेलाइट (A-SAT) मिसाइल परीक्षण 'मिशन शक्ति' (Mission Shakti) का सफल परीक्षण किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में एंटी सैटेलाइट (A-SAT) मिसाइल का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने किया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

4. (b)

**व्याख्या:**

- विधि विज्ञान सेवा निदेशालय (Directorate of Forensic Science Services- DFSS) की स्थापना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं पुलिस सुधारों के लिये बनी पद्मनाभ समिति की सिफारिशों के आधार पर वर्ष 2002 में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत संचालित होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्तमान में DFSS के तहत देश के विभिन्न शहरों में 6 केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएँ (चंडीगढ़, कोलकाता, हैदराबाद, पुणे, गुवाहाटी और भोपाल में) संचालित होती हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

5. (c)

**व्याख्या:**

- 'अब्राहम एकॉर्ड' (Abraham Accord), इज़राइल, बहरीन एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच किया गया एक शांति समझौता है।
- इस समझौते के बाद बहरीन और यूएई द्वारा इज़राइल में दूतावास की स्थापना की जाएगी और साथ ही इज़राइल और इन दो अरब देशों के बीच पर्यटन, व्यापार, स्वास्थ्य और सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।
- अब्राहम एकॉर्ड (Abraham Accord) इज़राइल और अरब देशों के बीच पिछले 26 वर्षों में पहला शांति समझौता है। गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 1994 में इज़राइल और जॉर्डन के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे। **अतः विकल्प ( c ) सही है।**

6. (d)

**व्याख्या:**

- स्थगन प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य हाल के किसी ऐसे अविलंबनीय लोक महत्त्व के मामले की ओर जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, सदन का ध्यान आकर्षित करना है। हालाँकि यहाँ यह महत्त्वपूर्ण है कि सदन के किसी सदस्य द्वारा जो भी मामला उठाया जा रहा है वह इतना गंभीर होना चाहिये कि उसका समूचे देश पर और देश की सुरक्षा पर कुप्रभाव पड़ता हो तथा सभा के लिये अपने सामान्य कार्य को रोक कर उस विषय पर तत्काल विचार करना आवश्यक हो।
- इस प्रकार हम कह सकते हैं कि स्थगन प्रस्ताव का अभिप्राय एक ऐसी प्रक्रिया से है, जिसके स्वीकृत होने पर लोक महत्त्व के किसी निश्चित मामले चर्चा करने के लिये सभा का सामान्य कार्य रोक दिया जाता है। इस प्रस्ताव के तहत जिस मामले पर चर्चा की जानी है वह निश्चित होना चाहिये। किसी स्थगन प्रस्ताव को तब तक स्वीकृत नहीं किया जाता जब तक उसके तथ्य निश्चित नहीं होते हैं। साथ ही विषय ऐसा होना चाहिये जिसके लिये प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भारत सरकार ज़िम्मेदार हो।

नोट :

- स्थगन प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य हाल के किसी सार्वजनिक महत्त्व के मामले पर सदन का ध्यान आकर्षित करना होता है और नियमों के मुताबिक जब प्रस्ताव पर चर्चा हो रही होती है तो सदन अध्यक्ष के पास सदन को स्थगित करने की शक्ति नहीं होती है। **अत: विकल्प (d) सही है।**

7. (d)

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय तटीय मिशन कार्यक्रम (National Coastal Mission Programme) की परिकल्पना 'जलवायु परिवर्तन के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना' (National Action Plan on climate change) के तहत की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल तटीय पर्यावरण का संरक्षण करना बल्कि विकास को बढ़ावा देना, राजस्व उत्पन्न करना और रोज़गार प्रदान करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय तटीय मिशन में आईसीजेडएम परियोजना (ICZM Project) के सभी चरण शामिल किये गए हैं। भारत सरकार ने तटीय एवं समुद्री पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण, सुरक्षा एवं प्रबंधन के लिये वर्ष 2010 में एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन परियोजना (Integrated Coastal Zone Management Project- ICZM Project) शुरू की है। **अत: कथन 3 सही है।**

8. (a)

**व्याख्या:**

- 'लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट-2020' (Living Planet Report- 2020) में वर्ष 1970 से वर्ष 2016 के बीच वैश्विक कशेरुकी प्रजातियों की आबादी में औसतन 68% की गिरावट का उल्लेख किया गया है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यह गिरावट 45% है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट-2020' (Living Planet Report- 2020) 'वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर' (World Wide Fund for Nature) द्वारा जारी की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

9. (d)

**व्याख्या:**

- 'स्पूतनिक वी' (Sputnik V), रूस के 'गामलेया राष्ट्रीय महामारी विज्ञान और सूक्ष्म जीव विज्ञान अनुसंधान संस्थान' (Gamaleya National Research Institute of Epidemiology and Microbiology) द्वारा विकसित एक COVID-19 वैक्सीन है। इस वैक्सीन के पंजीकरण 11 अगस्त, 2020 को रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किया गया था, यह वैक्सीन एडिनोवायरल वेक्टर प्लेटफॉर्म पर आधारित है। गौरतलब है कि इस वैक्सीन का नाम सोवियत संघ द्वारा लॉन्च किये गए प्रथम कृत्रिम पृथ्वी उपग्रह (Artificial Earth Satellite) स्पुतनिक-I (Sputnik-I) के नाम पर रखा गया है। **अत: विकल्प (d) सही है।**

10. (c)

**व्याख्या:**

- यूनिकॉर्न स्टार्टअप वे स्टार्ट-अप होते हैं जिनका मूल्य 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- स्टार्टअप इंडिया योजना की शुरुआत जनवरी 2016 में की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- अगस्त 2020 में जारी 'हुरुन ग्लो बल यूनिकॉर्न्स 2020' (Hurun Global Unicorns 2020) में भारत के 21 स्टार्टअप यूनिकॉर्न शामिल किये गए हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

11. (d)

**व्याख्या:**

- हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रीय हिस्पैनिक विरासत माह (National Hispanic Heritage Month) की शुरुआत हुई। यह वार्षिक कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर से 15 अक्तूबर तक मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रीय हिस्पैनिक विरासत माह में उन अमेरिकी नागरिकों के इतिहास, संस्कृति एवं योगदान का सम्मान किया जाता है जिनके पूर्वज स्पेन, मैक्सिको, कैरिबियन और मध्य एवं दक्षिण अमेरिका से आए थे। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- हिस्पैनिक अमेरिकी (Hispanic Americans) वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह हैं जो संयुक्त राज्य अमेरिका की कुल आबादी का पाँचवा हिस्सा है। इस समूह में अधिकांश लोग मैक्सिकन मूल के हैं, इसके बाद पोर्टो रीको (Puerto Rico) के हैं। इस समुदाय को हिस्पैनिक, लैटिनो या लैटिनएक्स के रूप में संदर्भित किया जाता है क्योंकि ये 'शब्द' लोगों की जाति/प्रजाति पर विचार किये बिना व्यक्ति की उत्पत्ति या संस्कृति को संदर्भित करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

12. (a)

**व्याख्या:**

- अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना का प्रारंभ 1 जुलाई, 2018 को किया गया था। इस योजना को प्रारंभ में दो वर्ष के लिये पायलट आधार पर शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस योजना के तहत बीमित व्यक्तियों को बेरोज़गारी की दशा में नकद मुआवजा प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना का कार्यान्वयन 'कर्मचारी राज्य बीमा निगम' (ESIC) द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में ESIC 3.49 करोड़ परिवारों को लाभ एवं सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है और 13.56 करोड़ लाभार्थियों को नकद लाभ तथा सस्ती दर पर चिकित्सा देखभाल सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

13. (d)

**व्याख्या:**

- कोरोनल मास इजेक्शन्स (CME) सूर्य के कोरोना से प्लाज़्मा एवं चुंबकीय क्षेत्र का विस्फोट है जिसमें अरबों टन कोरोनल सामग्री उत्सर्जित होती है तथा इससे पिंडों के चुंबकीय क्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पृथ्वी पर मौसम की तरह, सूर्य भी 11 वर्ष के चक्र का अनुसरण करता है जिस दौरान सौर गतिविधियों में सोलर मिनिमा (Solar Minima) और सोलर मैक्सिमा (Solar Maxima) के बीच उतार-चढ़ाव होता है। सूर्य पर पाए जाने वाले सूर्य धब्बों (Sunspots) की संख्या के आधार पर वैज्ञानिक इसे सौर मैक्सिमा (उच्चतम सूर्य धब्बे) या सौर मिनिमा (सबसे कम सूर्य धब्बे) कहते हैं। सौर चक्र 24 (Solar Cycle 24) की अवधि दिसंबर, 2008 से दिसंबर, 2019 तक थी। दो सौर चक्रों के बीच सूर्य की गतिविधियाँ के अपने न्यूनतम मिनिमा फेज़ तक पहुँचने के साथ अब नया सौर चक्र 25 (Solar Cycle 25) शुरू हो गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सौर सुनामी चुंबकीय क्षेत्र की तरंगें हैं और सूर्य से लगभग 400 किमी. प्रति सेकंड की गति से गर्म, आयनीकृत गैस के रूप में गति करती हैं। सौर सुनामी की खोज वर्ष 1997 में यूरोपियन स्पेस एजेंसी (Europen Space Agency) के SOHO (सोलर एंड हेलिओस्फेरिक ऑब्जर्वेटरी) द्वारा की गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**

14. (a)

**व्याख्या:**

- भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2002 में 'सैन्य सूचना समझौते की सामान्य सुरक्षा' (General Security Of Military Information Agreement- GSMIA) पर हस्ताक्षर किये गए थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत द्वारा क्वाड (QUAD) के सभी सदस्यों के साथ '2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक' का आयोजन किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2018 में 'संचार संगतता एवं सुरक्षा समझौते' (Communications Compatibility and Security Agreement- COMCASA) पर हस्ताक्षर किये गए थे, यह समझौता अगले 10 वर्ष के लिये वैध है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

15. (b)

**व्याख्या:**

- 'कृषि उपज वाणिज्य एवं व्यापार (संवर्द्धन एवं सुविधा) विधेयक-2020 [The Farmers' Produce Trade and Commerce (Promotion and Facilitation) Bill, 2020] की धारा 2(m) के तहत राज्य एपीएमसी अधिनियम (APMC Act) के तहत गठित बाज़ार समितियों द्वारा संचालित और प्रबंधित परिसर, बाड़ों तथा संरचनाओं को व्यापार क्षेत्र की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इस विधेयक के लागू होने के बाद कोई भी पैन कार्ड धारक व्यापारी, निर्धारित व्यापार क्षेत्र में किसानों की उपज खरीद सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस विधेयक की धारा-6 के तहत व्यापार क्षेत्र के अंदर किसी भी राज्य एपीएमसी अधिनियम या अन्य राज्य कानून के अंतर्गत किसान या व्यापारी पर कोई भी 'बाज़ार शुल्क या उपकर या लेवी' लागू करने की अनुमति नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

16. (a)

**व्याख्या:**

- वाकर संचरण (Walker Circulation) उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में क्षोभमंडलीय वायु संचरण है। इस क्षेत्र में विभिन्न अक्षांशों के मध्य चलने वाली हेडली कोशिका से भिन्न वाकर कोशिका विषुवत रेखा के निकट विशेष अक्षांशों का अनुसरण करती है। हेडली और ध्रुवीय कोशिका जैसे उत्तर-दक्षिण वायुमंडलीय परिसंचरण के अतिरिक्त मौसम को प्रभावित करने में सक्षम अन्य कमज़ोर पूर्व-पश्चिम संचलन भी होते हैं। भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अनुदैर्ध्य (पूर्व-पश्चिम) परिसंचरण को वाकर परिसंचरण के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वाकर संचरण के मज़बूत होने से दक्षिणी एशिया में मानसूनी पवनें अधिक प्रभावशाली होती है। और भारतीय मानसून पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

17. (c)

**व्याख्या:**

- चंपकम दोरायराजन बनाम मद्रास राज्य वाद 1951 में सर्वप्रथम यह विवाद सामने आया कि मौलिक अधिकार तथा नीति निदेशक तत्त्व में किसे सर्वोच्चता दी जाए। न्यायालय ने निर्णय दिया कि मौलिक अधिकार प्राथमिक हैं और नीति निदेशक तत्त्व सहायक रूप में है, अत: मौलिक अधिकार सर्वोच्च है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मौलिक अधिकारों को संविधान का संरक्षण प्राप्त है और वे न्याय योग्य हैं, जबकि नीति निदेशक तत्त्वों को नहीं। इस दृष्टिकोण से मौलिक अधिकार अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- मौलिक अधिकार राजनीतिक स्वतंत्रता और समानता को बढ़ावा देते हैं जो कि लोकतंत्र का आधार हैं जबकि नीति निदेशक तत्त्व समग्र विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें समाजवाद, उदारवाद, गांधीवाद जैसे मूल्यों का समायोजन है।

18. (a)

**व्याख्या:**

- भारत और पाकिस्तान के बीच 19 सितंबर, 1960 को विश्व बैंक (World Bank) की मध्यस्थता में सिंधु जल संधि (Indus Waters Treaty) पर हस्ताक्षर किये गए थे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस संधि के तहत तहत भारत ने 80.52% जल पाकिस्तान को देने पर सहमति व्यक्त की जबकि भारत को मात्र 19.48% जल ही प्राप्त हुआ। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सिंधु जल संधि, 1960 के अनुच्छेद-8 के अंतर्गत इस संधि के क्रियान्वयन हेतु एक स्थायी सिंधु आयोग (Permanent Indus Commission) के गठन का प्रावधान किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

19. (b)

व्याख्या

- वर्ष 2019 में केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मामलों के मंत्रालय द्वारा सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना की परिकल्पना की गई थी। इस पुनर्विकास परियोजना में एक नए संसद भवन का निर्माण प्रस्तावित है जो कि आकार में त्रिकोणीय होगा और वर्तमान संसद भवन के पास ही बनाया जाएगा।
- सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में नॉर्थ व साउथ ब्लॉक को संग्रहालय में बदल दिया जाएगा और इसके स्थान पर नए भवनों का निर्माण किया जाएगा। इस क्षेत्र में विभिन्न मंत्रालयों व उनके विभागों के लिये कार्यालयों का भी निर्माण किया जाएगा।
- दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, नार्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, इंडिया गेट और अन्य राष्ट्रीय अभिलेखागार जिस क्षेत्र में स्थित हैं, उसे सामूहिक रूप से सेंट्रल विस्टा कहते हैं। इसकी लंबाई अनुमानत: 3.2 किमी. है। इन भवनों के निर्माण का उत्तरदायित्व एडविन लुटियंस (Edwin Lutyens) व हर्बर्ट बेकर (Herbert Baker) को दिया गया। **अत: विकल्प ( b ) सही है।**

नोट :

20. (b)

**व्याख्या:**

- नंदनकानन ज़ूलॉजिकल पार्क (Nandankanan Zoological Park) भुवनेश्वर (ओडिशा) में अवस्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- नंदनकानन ज़ूलॉजिकल पार्क की स्थापना वर्ष 1960 में की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह इंडियन पैंगोलिन (Indian Pangolin) और सफेद बाघ (White Tiger) का प्रजनन केंद्र है। **अतः कथन 3 सही है।**

21. (d)

**व्याख्या:**

- वैभव शिखर सम्मेलन (VAIshwik BHAratiya Vaigyanik Summit- VAIBHAV Summit) की शुरुआत 2 अक्तूबर, 2020 को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर की जाएगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रवासी भारतीय एवं देश के वैज्ञानिकों व शिक्षाविदों का एक वैश्विक शिखर सम्मेलन है। महीने भर तक चलने वाले इस वैश्विक शिखर सम्मेलन में ऑनलाइन तरीके से शोधकर्त्ताओं के बीच विचार-विमर्श सत्र आयोजित किये जाएंगे। चर्चा के प्रमुख क्षेत्रों में शामिल होंगे: क्वांटम प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग, संचार प्रौद्योगिकी, कंप्यूटेशनल एवं डेटा विज्ञान तथा एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी आदि। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह शिखर सम्मेलन विभिन्न विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा शैक्षणिक संगठनों का एक संयुक्त प्रयास है जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

22. (c)

**व्याख्या:**

- प्रोला-II (Prola-II) नामक काकतीय शासक ने चालुक्यों को हराकर कृष्णा एवं गोदावरी नदी के मध्य के क्षेत्र पर अधिकार कर लिया और हनुमाकोंडा को अपनी राजधानी के रूप में स्थापित किया। प्रतापरुद्र-I (Prataparudra-I), प्रोला-II का पुत्र था जिसने अपनी राजधानी को वारंगल स्थानांतरित किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- गणपति देव, काकतीय राजवंश का महान शासक था। जिसने चोलों से कांची तक के क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया। उसने कलिंग एवं पश्चिमी आंध्र क्षेत्र पर भी आक्रमण किया। गणपति देव के बाद उसकी पुत्री रुद्रमा ने कुछ वर्षों तक शासन किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- 1309 ईस्वी में मलिक काफूर ने प्रतापरुद्र-II (Prataparudra-II) के शासन के दौरान वारंगल पर आक्रमण किया। **अतः कथन 3 सही है।**

23. (b)

**व्याख्या:**

- बैम्बू शूट (Bamboo Shoot) में न्यूट्रास्यूटिकल (Nutraceutical) गुण पाए जाते हैं। यह बाँस के सुपाच्य नए अंकुरित बेंत होते हैं जो मिट्टी की सतह के नीचे ही निर्मित होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- बैम्बू शूट (Bamboo shoots) उच्च-मूल्य एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ के रूप में उभर रहे हैं और ये वायरल हमलों के लिये मानव शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिये सबसे सस्ती इम्युनिटी बूस्टर का कार्य भी करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- ताज़े बैम्बू शूट में प्रोटीन की मात्रा 1.49-4.04% के बीच हो सकती है। इसमें 17 अमीनो एसिड भी होते हैं जिनमें से 8 मानव शरीर के लिये आवश्यक हैं।
- राष्ट्रीय बाँस मिशन के अनुसार, 13.96 मिलियन हेक्टेयर के बाँस क्षेत्र के साथ भारत विश्व में पहले स्थान पर है। बाँस की 136 प्रजातियों के साथ बाँस विविधता के मामले में भारत, चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

24. (a)

**व्याख्या:**

- विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस (International Day of Peace) के रूप में मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1981 में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाने की घोषणा की थी, जिसके पश्चात् पहली बार वर्ष 1982 में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया था।
- वर्ष 1982 से लेकर वर्ष 2001 तक सितंबर माह के तीसरे मंगलवार को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता था, किंतु वर्ष 2002 से इसके लिये 21 सितंबर की तारीख निर्धारित कर दी गई।
- इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों और नागरिकों के बीच शांति व्यवस्था कायम रखने के लिये प्रयास करना और अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों और विवादों पर विराम लगाना है।
- वर्ष 2020 के लिये इस दिवस की थीम 'शेपिंग पीस टूगेदर' (Shaping Peace Together) रखी गई है। संयुक्त राष्ट्र (UN) महासभा ने इस दिवस को अहिंसा और संघर्ष विराम के अवलोकन के माध्यम से शांति के आदर्शों को मज़बूत बनाने हेतु एक दिवस के रूप में घोषित किया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

25. (c)

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान में किसी अविश्वास प्रस्ताव का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अविश्वास प्रस्ताव केवल लोकसभा में ही पुनर्स्थापित किया जा सकता है। भारत में अविश्वास प्रस्ताव सरकार के विरुद्ध लाया जाता है। इसके पारित हो जाने पर सरकार को इस्तीफा देना पड़ता है। **अतः कथन 2 सही है।**

26. (c)

**व्याख्या:**

- कोमोडो ड्रैगन (Komodo Dragon) छिपकली की सबसे बड़ी जीवित प्रजाति है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी छिपकली भी कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे कोमोडो मॉनीटर (Komodo Monitor) के रूप में भी जाना जाता है, जो इंडोनेशियाई द्वीपों के कोमोडो (Komodo), रिनका (Rinca), फ्लोरेस (Flores) और गिली मोटंग (Gili Motang) में पाई जाती है। इसे IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कोमोडो ड्रैगन अकशेरुकी जीवों, पक्षियों एवं स्तनधारियों का शिकार करते हैं। कोमोडो ड्रैगन में विष ग्रंथियाँ पाई जाती हैं जो विषाक्त पदार्थों से भरी होती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

27. (b)

**व्याख्या:**

- रोड्रिग्स ट्रिपल जंक्शन (Rodrigues Triple Junction), जिसे मध्य हिंद (महासागर) ट्रिपल जंक्शन [Central Indian (Ocean) Triple Junction- CITJ] के रूप में भी जाना जाता है, दक्षिणी हिंद महासागर में एक भूगर्भिक ट्रिपल जंक्शन है जहाँ तीन विवर्तनिक प्लेटें (अफ्रीकी प्लेट, भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट एवं अंटार्कटिक प्लेट) आपस में मिलती हैं। **अतः विकल्प (b) सही है।**

28. (c)

**व्याख्या:**

- 'मेडिकेंस' (Medicanes) उष्णकटिबंधीय चक्रवात की तरह होते हैं जो भूमध्य सागर के ऊपर बनते हैं। आसपास की शुष्क जलवायु और समुद्र की अपेक्षा उथले जल के साथ उष्णकटिबंधीय चक्रवात जैसी घटनाएँ अक्सर होती रहती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये आम तौर पर सर्दियों के महीनों में निर्मित होते हैं, ऐसी घटनाएँ वर्ष में एक या दो बार होती हैं। 18 सितंबर, 2020 को लानोस (Lanos) नामक एक मेडिकेन ग्रीस के तट से टकराया था जिसके कारण ग्रीस एवं आसपास के द्वीपों में भारी वर्षा के साथ बाढ़ की स्थिति बन गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**नोट :**

- ये उष्णकटिबंधीय चक्रवात, हरिकेन एवं टाइफून की तुलना में अपेक्षाकृत ठंडे जल में अधिक विकसित होते हैं। इसलिये उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के गर्म कोर की तुलना में इन तूफानों की कोर भी ठंडी होती है किंतु अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवातों (Extra Tropical Cyclones) की तुलना में गर्म होती है। आमतौर पर इनका व्यास छोटा होता है और मूल उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की तुलना में इनमें हवा की गति कम होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

29. (d)

**व्याख्या:**

- हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में निर्माणाधीन मुगल संग्रहालय का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर रखने की घोषणा है।
- आगरा में हेरिटेज सेंटर और ताज ओरिएंटेशन सेंटर जैसी परियोजनाओं के साथ मुगल संग्रहालय की आधारशिला तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनवरी 2016 में रखी थी।
- ताजमहल के पूर्वी द्वार के पास लगभग 6 एकड़ भूमि पर बनने वाले इस संग्रहालय का निर्माण मुख्य तौर पर मुगलों के समय के हथियारों, संस्कृति और पोशाक के बारे में पर्यटकों को अवगत कराने के लिये किया जा रहा है।
- हालाँकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नाम में परिवर्तन होने के साथ इस परियोजना की प्रकृति में भी परिवर्तन किया जाएगा अथवा नहीं। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

30. (d)

**व्याख्या:**

- PVTG (जिन्हें पूर्व में आदिम जनजातीय समूह (PTG) के रूप में जाना जाता था) भारत सरकार द्वारा किया जाने वाला वर्गीकरण है जो विशेष रूप से निम्न विकास सूचकांकों वाले कुछ समुदायों की स्थितियों में सुधार को सक्षम करने के उद्देश्य से सृजित किया गया है।
- ऐसे समूह की प्रमुख विशेषताओं में एक आदिम-कृषि प्रणाली का प्रचलन, शिकार और खाद्य संग्रहण का अभ्यास, शून्य या नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि, अन्य जनजातीय समूहों की तुलना में साक्षरता का अत्यंत निम्न स्तर और लिखित भाषा की अनुपस्थिति आदि शामिल है।
- इसका सृजन ढेबर आयोग की रिपोर्ट (1960) के आधार पर किया गया था, जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जनजातियों के भीतर भी विकास दर में काफी असमानता है।
- चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान विकास के निचले स्तर पर मौजूद समूहों की पहचान करने के लिये अनुसूचित जनजातियों के भीतर एक उप-श्रेणी बनाई गई थी। इस उप-श्रेणी को आदिम जनजाति समूह (PTG) कहा जाता था, जिसका नाम बदलकर बाद में विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs) कर दिया गया।
- ओडिशा में 62 आदिवासी समूहों में से 13 को PVTGs के रूप में मान्यता प्रदान की गई है, जो कि देश में सबसे अधिक है। वर्तमान में ओडिशा में PVTGs से संबंधित 2.5 लाख की आबादी है, जो कि 11 ज़िलों के लगभग 1,429 गाँवों में रहते हैं। **अत: विकल्प ( d ) सही है।**

31. (d)

**व्याख्या:**

- कोई भी व्यक्ति जो गुरु नानक देव के बताए मार्ग पर विश्वास करता है और जीवन में उसकी शिक्षाओं का पालन करता है चाहे वह किसी भी धर्म से संबंधित हो नानक नाम लेवा (Nanak Naam Lewa) या नानकपंथी (Nanakpanthi) कहलाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गुरु नानक देव 10 सिख गुरुओं में से पहले गुरु और सिख धर्म के संस्थापक हैं। उनका जन्म वर्ष 1469 में ननकाना साहिब (वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित है) में हुआ था। उन्होंने भक्ति के 'निर्गुण' रूप की शिक्षा दी। **अत: कथन 2 सही है।**
- सिख धर्म के अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा (जिसका अर्थ है 'शुद्ध') पंथ की स्थापना की जो सैनिक-संतों का विशिष्ट समूह था। खालसा प्रतिबद्धता, समर्पण और सामाजिक चेतना के सर्वोच्च सिख गुणों को उजागर करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

32. (c)

**व्याख्या:**

- वर्ष 2013-14 में शुरू की गई शुचि योजना (Shuchi Scheme) शुरूआत में केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित थी। हालाँकि वर्ष 2015-16 में केंद्र सरकार ने राज्यों को से पूरी तरह से इस योजना की ज़िम्मेदारी उठाने के लिये कहा था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों में मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाना था। शुचि योजना के तहत सेनेटरी नैपकिन (Sanitary Napkins) का वितरण किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

33. (b)

**व्याख्या:**

- भारत के पहले चिकित्सा उपकरण पार्क (Medical Devices Park) की स्थापना केरल के तिरूवनंतपुरम ज़िले के थोनक्कल (Thonnakkal) स्थित लाइफ साइंस पार्क ( Life Science Park) में की जाएगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- केरल स्थित चिकित्सा उपकरण पार्क, भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के श्री चित्रा तिरूनाल चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (Sree Chitra Tirunal Institute for Medical Sciences & Technology- SCTIMST) और केरल सरकार की औद्योगिक एवं निवेश संवर्द्धन एजेंसी केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (Kerala State Industrial Development Corporation Ltd- KSIDC) की संयुक्त पहल है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस पार्क का उद्देश्य चिकित्सकीय उपकरण उद्योग को अनुसंधान एवं विकास, परीक्षण एवं मूल्यांकन जैसी सेवाओं की एक पूर्ण शृंखला उपलब्ध कराना है। **अतः कथन 3 सही है।**

34. (b)

**व्याख्या:**

- आवश्यक वस्तुओं या उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये तथा उन्हें जमाखोरी एवं कालाबाज़ारी से बचाने के लिये सरकार ने वर्ष 1955 में आवश्यक वस्तु अधिनियम बनाया था।
- आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 में आवश्यक वस्तुओं की कोई विशिष्ट परिभाषा नहीं दी गई है। अधिनियम की धारा 2(A) में कहा गया है कि 'आवश्यक वस्तु का अर्थ इसी अधिनियम की अनुसूची (Schedule) में निर्दिष्ट वस्तुओं से है।
- यह अधिनियम केंद्र सरकार को अधिनियम की अनुसूची में आवश्यक वस्तु के रूप में किसी एक विशिष्ट वस्तु को जोड़ने अथवा उसे हटाने का अधिकार देता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यदि केंद्र सरकार सहमत है कि सार्वजनिक हित में किसी वस्तु को आवश्यक वस्तु घोषित करना ज़रूरी है तो वह राज्य सरकारों की सहमति से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर सकती है।
- किसी वस्तु को 'आवश्यक वस्तु' घोषित करने से सरकार उस वस्तु के उत्पादन, आपूर्ति और वितरण को नियंत्रित कर सकती है, साथ ही सरकार उस वस्तु के संबंध में एक स्टॉक सीमा भी लागू कर सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

35. (c)

**व्याख्या:**

- अभ्यास (ABHYAS) एक स्वदेशी ड्रोन है, जिसे वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (Aeronautical Development Establishment- ADE) द्वारा विकसित किया गया है।
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (Defence Research&Development Organisation- DRDO) द्वारा ओडिशा के बालासोर रेंज से अभ्यास (ABHYAS) 'हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट' (High Speed Expandable Aerial Target-HEAT) का सफल उड़ान परीक्षण किया गया। **अतः विकल्प (c) सही है।**

नोट :

36. (d)

**व्याख्या:**

- ऐसे रोग जो पशुओं के माध्यम से मनुष्यों में फैलते है उन्हें ज़ूनोसिस या ज़ूनोटिक रोग कहा जाता है। ज़ूनोटिक संक्रमण प्रकृति या मनुष्यों में जानवरों के अलावा बैक्टीरिया, वायरस या परजीवी के माध्यम से फैलता है। एचआईवी-एड्स, इबोला, मलेरिया, रेबीज़ तथा वर्तमान कोरोनावायरस रोग (COVID-19) ज़ूनोटिक संक्रमण के कारण फैलने वाले रोग हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- ब्रुसेलोसिस दुनिया भर में सबसे महत्त्वपूर्ण ज़ूनोटिक रोगों में से एक है और यह बीमारी भारत में भी स्थानिक है। भारत में ब्रुसेलोसिस रोग के नियंत्रण के लिये काफ-हूड (Calf-hood) टीकाकरण के रूप में ब्रुसेला अबॉर्टस एस19 स्ट्रेन (Brucella abortus S19 strain) का उपयोग किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ब्रुसेला अबॉर्टस एस-19 के संशोधित स्ट्रेन को भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित 'ब्रुसेलोसिस नेटवर्क प्रोग्राम' के तहत विकसित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

37. (c)

**व्याख्या:**

- 'कोरल त्रिभुज' (Coral Triangle) इंडोनेशिया, मलेशिया, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, सोलोमन द्वीप और तिमोर के ऊपर 6 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला समुद्र का एक हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- न्यू गिनी विश्व का दूसरा सबसे बड़ा द्वीप है, दक्षिण-पश्चिम प्रशांत महासागर में मेलनेशिया (Melanesia) में अवस्थित यह टॉरेस जलसंधि (Torres Strait) द्वारा ऑस्ट्रेलियाई महाद्वीप से अलग होता है। इस द्वीप का पूर्वी भाग स्वतंत्र देश पापुआ न्यू गिनी (Papua New Guinea) के अंतर्गत आता है जबकि इसका आधा पश्चिमी भाग जिसे पश्चिमी न्यू गिनी (Western New Guinea) या पश्चिमी पापुआ (West Papua) के नाम से जाना जाता है, इंडोनेशिया के अंतर्गत आता है। **अत: कथन 2 सही है।**

38. (a)

**व्याख्या:**

- एक 'InvIT इनिशियल पब्लिक ऑफर' (Initial Public Offer- IPO) में न्यूनतम निवेश राशि 10 लाख रुपए है इसलिये उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों, संस्थागत एवं गैर-संस्थागत निवेशकों के लिये InvITs उपयुक्त हैं। IPO के माध्यम से स्टॉक की तरह ही एक्सचेंजों में भी InvITs सूचीबद्ध हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- InvIT को सेबी (इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्टस) विनियमन, 2014 द्वारा विनियमित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- InvITs ऐसे उपकरण हैं जो म्यूचुअल फंड की तरह कार्य करते हैं। ये संपत्ति में निवेश करने हेतु कई निवेशकों से धनराशि की छोटी रकम को हासिल करने के लिये डिज़ाइन किये गए हैं जो एक समयावधि में नकदी प्रवाह देते हैं। इस नकदी प्रवाह के हिस्से को निवेशकों में लाभांश के रूप में वितरित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

39. (d)

**व्याख्या:**

- 'विश्व जोखिम सूचकांक-2020' (WRI-2020) में भारत 181 देशों में 89वें स्थान पर था। बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के पश्चात् भारत जलवायु परिवर्तन के कारण दक्षिण एशिया में चौथा सबसे अधिक जोखिम वाला देश है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 'विश्व जोखिम सूचकांक-2020' की रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंका, भूटान और मालदीव ने गंभीर आपदाओं से निपटने के लिये भारत की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

40. (c)

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC), संयुक्त राष्ट्र (UN) की सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई है, जिसका प्राथमिक कार्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) ने अपना पहला सत्र 17 जनवरी, 1946 को वेस्टमिंस्टर, लंदन में आयोजित किया था।

**नोट :**

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिसमें से 5 स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य होते हैं। सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्यों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, रूस और चीन शामिल हैं एवं स्थायी सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। पाँच स्थायी सदस्य देशों के अलावा 10 अन्य देशों को क्षेत्रीय आधार पर दो वर्ष के लिये अस्थायी सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में शामिल किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि विश्व में कहीं भी सुरक्षा संकट उत्पन्न होता है तो उस मामले को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के समक्ष लाया जाता है, जिसके पश्चात् यह परिषद मध्यस्थता और विशेष दूत की नियुक्ति जैसी विधियों के माध्यम से विभिन्न पक्षों के मध्य समझौता कराने का प्रयास करती है, इसके अलावा यह परिषद संयुक्त राष्ट्र महासचिव से भी उस विवाद को सुलझाने का अनुरोध कर सकती है।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) शांति व्यवस्था और संघर्ष प्रबंधन के लिये अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का एक प्रमुख अंग है और संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा लिये गए निर्णयों के विपरीत इस परिषद के निर्णय सदस्य देशों पर बाध्यकारी होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग के लिये जापान, जर्मनी, भारत और ब्राज़ील ने G-4 के नाम से एक गुट बनाया है और स्थायी सदस्यता के मामले में एक-दूसरे का समर्थन करते हैं।
- G-4 देश लगातार बहुपक्षवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के साथ ही UNSC की संरचना में सुधार की मांग कर रहे हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

41. (c)

**व्याख्या:**

- भारतीय ज्ञानपीठ (Bhartiiya Jnanpith) द्वारा संविधान की 8वीं अनुसूची में वर्णित 22 भारतीय भाषाओं में लेखन करने वाले साहित्यकार को साहित्य के क्षेत्र में आजीवन योगदान हेतु यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य के लिये दिया जाने वाला ज्ञानपीठ पुरस्कार सर्वोच्च पुरस्कार है।
- पहली बार ज्ञानपीठ पुरस्कार वर्ष 1965 में मलयालम साहित्यकार जी. शंकर कुरुप को दिया गया था। अक्कीतम अच्युतन नंबूदिरी, मलयालम साहित्य में ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले छठे लेखक हैं। मलयालम (Malyalam) साहित्य के मशहूर कवि अक्कीतम अच्युतन नंबूदिरी (Akkitham Achuthan Namboothiri) ज्ञानपीठ पुरस्कार-2019 से सम्मानित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

42. (d)

**व्याख्या:**

- 'सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' (CIPET) का नाम बदलकर 'सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' (CIPET) कर दिया गया है। परिवर्तित नाम तमिलनाडु सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1975 (Tamil Nadu Societies Registration Act, 1975) के तहत पंजीकृत किया गया है।
- CIPET, केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना वर्ष 1968 में भारत सरकार ने चेन्नई (तमिलनाडु) में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की सहायता से की थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- CIPET का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षा एवं अनुसंधान के संयुक्त कार्यक्रम के माध्यम से प्लास्टिक उद्योग के विकास को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 3 सही है।**

43. (c)

**व्याख्या:**

- भारतीय दंड संहिता की धारा-153A जाति, नृजातीयता, धर्म, लिंग या जन्म स्थान को लेकर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने को अपराध घोषित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय दंड संहिता की धारा-295A धार्मिक आधार पर हेट स्पीच को अपराध घोषित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

44. (b)

**व्याख्या:**

- यह इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर एक वन क्षेत्र है। लूसेर पारितंत्र सबसे प्राचीन और जीवन-समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पृथ्वी पर अंतिम स्थान है जहाँ सुमात्रा के ऑरंगुटान (Orangutans), हाथी (Elephants), बाघ (Tigers), गैंडे (Rhinos) और सन बियर्स (Sun Bears) अभी भी एक ही पारिस्थितिकी आवास में घूमते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

45. (b)

**व्याख्या:**

- विश्व की अर्थव्यवस्था में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री उद्योगों खासतौर पर शिपिंग उद्योग के योगदान को चिह्नित करने के लिये वैश्विक स्तर पर 24 सितंबर, 2020 को विश्व समुद्री दिवस (World Maritime Day) का आयोजन किया गया।
- पहली बार विश्व समुद्री दिवस 17 मार्च, 1978 को आयोजित किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यद्यपि इस दिवस के आयोजन की तारीख प्रत्येक देश की सरकार द्वारा निर्धारित की जाती है, किंतु आमतौर पर यह दिवस सितंबर माह के अंतिम गुरुवार (Thursday) को मनाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- विश्व समुद्री दिवस का मुख्य उद्देश्य समुद्री सुरक्षा, शिपिंग सुरक्षा और समुद्री पर्यावरण के महत्त्व के संबंध में जागरूकता पैदा करना है।
- उल्लेखनीय है कि विश्व एक सुरक्षित और कुशल अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग उद्योग पर निर्भर करता है, जो कि स्थायी रूप से भविष्य में हरित आर्थिक विकास के किसी भी कार्यक्रम का एक अनिवार्य घटक है। आँकड़ों की माने तो अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग उद्योग, विश्व भर में आम लोगों और समुदायों के लिये वैश्विक व्यापार का 80 प्रतिशत से अधिक परिवहन करता है।

46. (c)

**व्याख्या:**

- इंद्र सैन्य अभ्यास शृंखला की शुरुआत वर्ष 2003 में हुई थी और भारत के पश्चिमी और पूर्वी, दोनों तटों पर मई 2003 में पहले भारत-रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास का आयोजन किया गया था। 4 और 5 सितंबर, 2020 को आयोजित होने वाले इंद्र-2020 द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास में रूस की नौसेना की ओर से तीन नौसैनिक जहाज़ों ने हिस्सा लिया वहीं भारत की ओर से भी इस अभ्यास में कुछ नौसैनिक जहाज़ और विमान हिस्सा लिया। अत: युग्म 1 सही है।
- 26 से 28 सितंबर, 2020 के मध्य उत्तरी अरब सागर में भारत-जापान के मध्य द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'जिमेक्स 20' (JIMEX 20) के चौथे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। यह नौसैनिक अभ्यास भारतीय नौसेना एवं जापानी समुद्री आत्म-रक्षा बल (Japanese Maritime Self-Defense Force- JMSDF) के बीच द्विवार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है। अक्तूबर, 2018 में जिमेक्स (JIMEX) के तीसरे संस्करण को भारत के विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया था। **अत: युग्म 2 सही नहीं है।**
- मालाबार नौसैनिक अभ्यास भारत-अमेरिका-जापान की नौसेनाओं के बीच वार्षिक रूप से आयोजित किया जाने वाला एक त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास है। मालाबार नौसैनिक अभ्यास की शुरुआत भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 1992 में एक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में हुई थी। वर्ष 2015 में इस अभ्यास में जापान के शामिल होने के बाद से यह एक त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास बन गया। **अत: युग्म 3 सही है।**

47. (d)

**व्याख्या:**

- इपिपेलैजिक मंडल (Epipelagic Zone/The Sunlight Zone) का विस्तार महासागरीय सतह से 200 मीटर की गहराई (656 फीट) तक होता है। इस मंडल में सर्वाधिक दृश्य प्रकाश प्रवेश करता है तथा उष्मन भी अधिक होता है जिसमें गहराई बढ़ने के साथ कमी आती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- दृश्य प्रकाश की उपस्थिति के कारण ही इसे "The Sunlight Zone" भी कहते हैं। फाइटोप्लैंकटन तथा ज़ूप्लैंकटन के साथ-साथ अधिकांश सागरीय जीवन इसी मंडल में पाया जाता है। समुद्री जीव फाइटोप्लैंकटन का उपयोग भोजन के रूप में करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- यहाँ प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया संपन्न होने के कारण कुल ऑक्सीजन का लगभग आधा भाग फाइटोप्लैकटन द्वारा ही वायुमंडल में अवमुक्त (Release) किया जाता है। अधिकांश मानवीय गतिविधियाँ यथा- मत्स्यन, समुद्री परिवहन आदि इसी मंडल में संपन्न होती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

48. (c)

**व्याख्या:**

- कन्नड़ भाषा लगभग 2500 वर्षों से उपयोग में है। इसकी प्राचीनतम कृति कविराजमार्ग है जिसके लेखक राष्ट्रकूट नरेश अमोघवर्ष हैं। 10वीं सदी में कन्नड़ भाषा को समृद्ध बनाने का श्रेय रत्नत्रयी कहे जाने वाले पम्पा, पोन्न, रन्न नामक कवियों को जाता है। 13वीं सदी में होयसल शासकों के संरक्षण में अनेक रचनाएँ हुईं तथा विजयनगर के शासकों ने भी इसमें योगदान दिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- मलयालम, भाषा एवं लिपि के दृष्टिकोण से तमिल साहित्य के बहुत करीब है, इसमें संस्कृत के कुछ शब्दों को सीधे-सीधे लिया गया है। मलयालम का भाषा के रूप में उद्भव 11वीं सदी में हुआ और इसे स्वतंत्र भाषा के रूप में पहचान 15वीं सदी में मिली। इस भाषा के उत्थान में थुनचातु एझुथच्चन का काफी योगदान रहा, इन्हें 'आधुनिक मलयालम का पिता' भी कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

49. (c)

**व्याख्या:**

- 'फ्राइडेज़ फॉर फ्यूचर' एक वैश्विक 'जलवायु हड़ताल आंदोलन' है जो अगस्त, 2018 में 15 वर्षीय ग्रेटा थुनबर्ग द्वारा स्वीडन में हड़ताल प्रारंभ करने के साथ ही शुरू हुआ था।
- ग्रेटा थुनबर्ग की प्रमुख मांग जलवायु संकट पर तत्काल कार्रवाई करने को लेकर थी। यह आंदोलन आगे चलकर एक वैश्विक आंदोलन में परिवर्तित हो गया।
- इस वैश्विक आंदोलन का मुख्य उद्देश्य नीति-निर्माताओं पर नैतिक दबाव डालना है, जिससे वे पर्यावरण वैज्ञानिकों द्वारा दी जा रही चेतावनियों पर ध्यान दें और 'ग्लोबल वार्मिंग' (Global Warming) को सीमित करने के लिये कार्रवाई करें।
- अत: विकल्प (C)सही है।

50. (c)

**व्याख्या:**

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, देश में चिकित्सा शिक्षा और व्यवसाय के शीर्ष नियामक के तौर पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (National Medical Commission- NMC) अस्तित्त्व में आ गया है।
- इस प्रकार देश में चिकित्सा शिक्षा का विनियमन अब राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) द्वारा किया जाएगा, जिसने दशकों पुरानी संस्था भारतीय चिकित्सा परिषद (MCI) का स्थान लिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- उद्देश्य: राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) की स्थापना मुख्यत: चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने के लिये एक सरकारी कदम के रूप में की गई है। ध्यातव्य है कि इससे पूर्व सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण भारतीय चिकित्सा परिषद (MCI) को समाप्त करने का निर्णय लिया था।
- संरचना: राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के अनुसार, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में कुल 25 सदस्य होंगे, जिनकी नियुक्ति एक विशेष समिति की सिफारिशों पर केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इन सदस्यों में एक अध्यक्ष और अलावा 10 पदेन सदस्य और 14 अंशकालिक शामिल होंगे।
  - आयोग में अंशकालिक सदस्य के तौर पर प्रबंधन, कानून, चिकित्सा नैतिकता आदि क्षेत्रों और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा नामांकित विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा।
- कार्य: राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) का मुख्य कार्य चिकित्सा क्षेत्र की नियामक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना, संस्थाओं का मूल्यांकन और शोध पर अधिक ध्यान देना है।
  - इसके अलावा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग MBBS के उपरांत होने वाली फाइनल ईयर परीक्षा (राष्ट्रीय एग्जिट टेस्ट-NEXT) के तौर-तरीकों पर, निजी चिकित्सा विद्यालयों के शुल्क ढाँचे का नियमन करने और सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने के बारे में मानक तय करने से संबंधित कार्य भी करेगा।

नोट :

51. (c)

**व्याख्या:**

- ज्युसेपे मैज़िनी (Giuseppe Mazzini) के 'युवा इटली आंदोलन' (Young Italy Movement) से प्रेरित होकर उन्होंने मार्च, 1926 में भारतीय समाजवादी युवा संगठन 'नौजवान भारत सभा' (Naujawan Bharat Sabha) की स्थापना की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- ज्युसेपे मैज़िनी इटली के राजनेता, पत्रकार, इटली के एकीकरण के लिये एक कार्यकर्त्ता एवं इतालवी क्रांतिकारी आंदोलन के प्रमुख थे। वे राजतंत्र के घोर विरोधी थे। उनके प्रयासों से इटली स्वतंत्र एवं एकीकृत हुआ।
- वीर सावरकर मैज़िनी को अपना आदर्श नायक और लाला लाजपत राय मैज़िनी को अपना राजनीतिक गुरू मानते थे। बाद में लाला लाजपत राय ने मैज़िनी की प्रसिद्ध रचना 'द ड्यूटीज़ ऑफ मैन' (The Duties of Man) का उर्दू में अनुवाद किया। **अत: कथन 2 सही है।**

52. (a)

**व्याख्या:**

- सैंडलवुड अर्थात् चंदन के वृक्षों को भारत विशेषकर कर्नाटक का गौरव माना जाता है। केरल के मरयूर (Marayoor) में चंदन के पेड़ों की प्राकृतिक आबादी और कर्नाटक में एमएम हिल्स (MM Hills) सहित विभिन्न आरक्षित वन, सैंडलवुड स्पाइक डिसीज़ (SSD) से बहुत अधिक संक्रमित हैं जिसका कोई इलाज नहीं है।
- सैंडलवुड स्पाइक डिसीज़ (SSD), फाइटोप्लाज़्मा (Phytoplasma) अर्थात् 'पौधे के ऊतकों के जीवाणु परजीवी' के कारण होता है जो कीट वैक्टर (Insect Vectors) द्वारा प्रेषित होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत इत्र एवं फार्मास्यूटिकल्स के लिये चंदन के तेल उत्पादन का पारंपरिक देश रहा है। वर्ष 1792 की शुरुआत में, टीपू सुल्तान ने इसे मैसूर का 'रॉयल ट्री' घोषित किया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- चंदन के वृक्षों के प्राकृतिक आवासों में विनाशकारी रोग के कारण चंदन को वर्ष 1998 में IUCN की रेड लिस्ट में 'सुभेद्य' (Vulnerable) श्रेणी में वर्गीकृत किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

53. (d)

**व्याख्या:**

- 'कॉन्फ्रेंस ऑन इंटरेक्शन एंड कॉन्फिडेंस-बिल्डिंग मीज़र्स इन एशिया' (Conference on Interaction and Confidence-Building Measures in Asia- CICA) एशिया में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता को बढ़ावा देने की दिशा में सहयोग बढ़ाने के लिये एक बहु-राष्ट्रीय मंच है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा के 47वें सत्र में, 5 अक्तूबर, 1992 को कज़ाकिस्तान गणराज्य के पहले राष्ट्रपति द्वारा CICA के आयोजन का विचार पहली बार प्रस्तावित किया गया था।
- इसमें एशिया महाद्वीप से 27 सदस्य राष्ट्र जिनमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, कंबोडिया, चीन, मिस्र, भारत आदि शामिल हैं जबकि जापान, इंडोनेशिया, संयुक्त राज्य अमेरिका आदि इसके कुछ पर्यवेक्षक राष्ट्र हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- CICA की पहली मंत्रिस्तरीय बैठक सितंबर, 1999 में हुई थी। **अत: कथन 3 सही है।**
- तज़ाकिस्तान गणराज्य वर्ष 2018-2020 की अवधि के लिये CICA का अध्यक्ष है।

54. (c)

**व्याख्या:**

- प्रत्यक्ष लोकतंत्र में जनता परिपृच्छा (Referendum), पहल (Initiative), प्रत्यावर्तन (Recall) और जनमत संग्रह (Plebiscite) के माध्यम से अपनी शक्तियों का उपयोग प्रत्यक्ष रूप से करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- स्विट्ज़रलैंड प्रत्यक्ष लोकतंत्रात्मक प्रणाली का प्रमुख उदाहरण है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

55. (d)

**व्याख्या:**

- विवादित नागोर्नो-करबख (Nagorno-Karabakh) क्षेत्र को लेकर आर्मीनिया और अज़रबैजान के बीच एक बार फिर हिंसक संघर्ष की शुरुआत हो गई है, जिसके कारण इस क्षेत्र विशिष्ट में स्थिरता लाने और शांति स्थापित करने के प्रयासों को लेकर चिंताएँ और अधिक बढ़ गई हैं।
- नागोर्नो-काराबाख (Nagorno-Karabakh) दक्षिण-पश्चिमी अज़रबैजान में स्थित एक पहाड़ी क्षेत्र है, जो कि तकरीबन 4,400 वर्ग किलोमीटर (1,700 वर्ग मील) तक फैला हुआ है।
- आर्मेनिया और अज़रबैजान के बीच विवादित नागोर्नो-काराबाख स्वायत्त क्षेत्र आर्मेनिया की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से केवल 50 किलोमीटर (30 मील) दूर स्थित है।
- इसके अलावा आर्मेनिया समर्थित कुछ स्थानीय अलगाववादी सैन्य समूहों कुछ क्षेत्र पर कब्ज़ा किया हुआ है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

56. (d)

**व्याख्या:**

- लैंटाना कैमरा (Lantana Camara) नामक घनी झाड़ियों ने सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के विशाल भाग को कवर किया है जिससे अभयारण्य की सामान्य वनस्पतियों के लिये पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश एवं पोषण नहीं मिल पाता है। इसके पत्ते एवं पके फलों में ज़हरीले पदार्थ ने कई जानवरों को प्रभावित किया जबकि इसके विस्तार ने घास एवं अन्य झाड़ियों की प्राकृतिक वृद्धि को रोक दिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वनस्पति का पर्याप्त विकास न होने के कारण शाकाहारी जीवों को पर्याप्त चारा नहीं मिल पाता है परिणामतः मांसाहारी जीवों के शिकार का आधार कम हो जाता है, जिससे खाद्य श्रृंखला में पारिस्थितिक असंतुलन पैदा हो जाता है।
- भारत में पहली बार वर्ष 1807 में 'लैंटाना कैमरा' का पता लगाया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- 'मिशन लैंटाना' की शुरुआत राजस्थान के उदयपुर ज़िले के प्रसिद्ध सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में की गई है जिसके तहत लैंटाना झाड़ियों को साफ किया गया है जिसने लगभग 50% अभयारण्य को ढक रखा था। इस अभियान में वन अधिकारियों, पुलिस कर्मियों, वन्यजीव प्रेमियों, स्वैच्छिक समूहों के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामूहिक प्रयास और 'श्रम दान' (स्वैच्छिक शारीरिक कार्य) शामिल थे। **अतः कथन 3 सही है।**

57. (b)

**व्याख्या:**

- 'टाइफस' बैक्टीरिया के संक्रामक रोगों का एक समूह है जिसमें एपिडमिक टाइफस (Epidemic Typhus), स्क्रब टाइफस और मुराइन टाइफस (Murine Typhus) शामिल हैं।
- स्क्रब टाइफस (Scrub Typhus) बीमारी, ओरिएंटिया त्सूत्सूगामुशी (Orientia Tsutsugamushi) बैक्टीरिया के कारण होती है। जबकि मुराइन टाइफस, पिस्सू द्वारा फैलने वाले रिकेट्सिया टाइफी (Rickettsia Typhi) के कारण होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संक्रमण ट्रॉम्बिकुलिड (Trombiculid) परिवार के लारवल माइट्स (Larval Mites) के काटने के कारण फैलता है, जिसे चीगर्स (Chiggers) भी कहा जाता है।
- यह बीमारी अधिकतर दक्षिण-पूर्व एशिया, इंडोनेशिया, चीन, जापान, भारत एवं उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के ग्रामीण क्षेत्रों में होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस बीमारी के इलाज के लिये एंटीबायोटिक्स के अतिरिक्त कोई टीका उपलब्ध नहीं है।
- वर्ष 1812 में रूस पर आक्रमण के दौरान नेपोलियन की सेना एपिडमिक टाइफस से संक्रमित हो गई थी जिससे वह पीछे हट गया था। एपिडमिक टाइफस, रिकेट्सिया प्रोवाज़ेकी (Rickettsia Prowazekii) के कारण होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

58. (d)

**व्याख्या:**

- 'जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल' (IPCC) की पाँचवीं आकलन रिपोर्ट में वनाग्नि की घटनाओं को प्रभावित करने वाले कुछ कारकों के रूप में खराब भूमि प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, औसत तापमान में वैश्विक वृद्धि, हीट वेव्स की तीव्रता एवं आवृत्ति में वैश्विक वृद्धि और प्रादेशिक रूप से सूखे की आवृत्ति, अवधि और तीव्रता में वृद्धि आदि की पहचान की गई है। **अतः विकल्प ( d ) सही है।**

59. (c)

**व्याख्या:**

- मोहनजोदड़ो को 'मृतकों का टीला' भी कहा जाता है। इसकी खोज वर्ष 1922 में रखालदास बनर्जी ने की थी। मोहनजोदड़ो, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लरकाना ज़िले में सिंधु नदी के तट पर अवस्थित है।
- मोहनजोदड़ो में की गई खोजों में निम्नलिखित शामिल हैं: विशाल स्नानागार, अन्नागार, कांस्य की नर्तकी की मूर्ति, पशुपति महादेव की मुहर, दाड़ी वाले मनुष्य की पत्थर की मूर्ति, बुने हुए कपड़े आदि।
- मोहनजोदड़ो प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे बड़े शहरों में से एक था जिसे हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है। मोहनजोदड़ो की प्रमुख विशेषता उसकी सड़कें थी, सड़कें सीधी दिशा में एक-दूसरे को समकोण पर काटती हुई नगर को अनेक वर्गाकार एवं चतुर्भुजाकार खंडों में विभाजित करती थीं। यहाँ लगभग प्रत्येक घर में निजी कुएं एवं स्नानागार होते थे और जल की निकास के लिये नालियों की व्यवस्था थी।
- राजस्थान के हनुमानगढ़ ज़िले में घग्गर नदी के किनारे स्थित कालीबंगा से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले हैं।

60. (a)

**व्याख्या:**

- ईएसजी (ESG) तीन शब्दों अर्थात् पर्यावरण (Environment), सामाजिक (Social) और शासन (Governance) का संयोजन है। ईएसजी फंड (ESG Funds) एक तरह का म्यूचुअल फंड है। इसमें निवेश स्थायी रूप से सतत् निवेश (Sustainable Investing) या सामाजिक रूप से उत्तरदायी निवेश (Socially Responsible Investing) के साथ किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में पहला ईएसजी म्यूचुअल फंड 'भारतीय स्टेट बैंक' द्वारा लॉन्च किया गया था। जिसे 'एसबीआई मैग्नम इक्विटी ईएसजी फंड' (SBI Magnum Equity ESG Fund) के नाम से जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ईएसजी म्यूचुअल फंड को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा विनियमित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- गौरतलब है कि हाल ही में 'आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड' (ICICI Prudential Mutual Fund) ने अपने ईएसजी फंड की शुरुआत की है।

61. (b)

**व्याख्या:**

- 'क्रीमियन कांगो हेमोरेजिक फीवर' (Crimean Congo Hemorrhagic Fever- CCHF), जिसे आमतौर पर 'कांगो फीवर' के नाम से जाना जाता है, मनुष्यों में ह्यालोम्मा टिक (Hyalomma Tick) के माध्यम से फैलता है। यह एक व्यापक बीमारी है जो बुन्याविरीडे (Bunyaviridae) परिवार के टिक-जनित वायरस (Tick-borne Virus) अर्थात् नैरोवायरस (Nairovirus) से होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह वायरस अफ्रीकी देशों, बाल्कन देशों, मध्य पूर्व एवं एशिया में किसी विशेष समय एवं स्थान पर अचानक फैलता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2013 में ईरान, रूस, तुर्की एवं उज्बेकिस्तान में इस वायरस से कई लोग संक्रमित हुए थे किंतु पहली बार इस वायरस का पता 1940 के दशक में लगाया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

62. (c)

**व्याख्या:**

- सार्वजनिक-निजी भागीदारी के हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के अंतर्गत सरकार कार्य आरंभ करने के लिये डेवलपर (किसी भूखंड पर निर्माण कार्य में संलग्न व्यक्ति या संघ) को परियोजना लागत का 40% उपलब्ध कराती है। शेष निवेश निजी डेवलपर को करना होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- हाइब्रिड एन्युटी मॉडल EPC (Engineering, Procurement and Construction) एवं BOT (Build-Operate-Transfer) का एक मिश्रित रूप है। यह जोखिम का विवेकपूर्ण बँटवारा करने, वित्तपोषण संबंधी समस्याओं को हल करने एवं निजी क्षेत्र की क्षमता के पूर्ण उपयोग करने हेतु एक लचीला एवं उचित उपाय है। **अत: कथन 2 सही है।**

63. (a)

**व्याख्या:**

- 29 सितंबर, 2020 को 'मातृ, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य के लिये भागीदारी' (The Partnership for Maternal, Newborn and Child Health- PMNCH) हेतु अकाउंटबिलिटी ब्रेकफास्ट-2020 (Accountability Breakfast-2020) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- इस वर्ष के लिये इस कार्यक्रम की थीम 'COVID-19 महामारी से प्रजनन, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में कड़ी मेहनत से अर्जित लाभ की रक्षा करने का प्रयास करना' है।
- इस आयोजन की संयुक्त-मेज़बानी 'व्हाइट रिबन अलायंस' (White Ribbon Alliance- WRA) एवं 'एवरी वुमन एवरी चाइल्ड' (Every Woman Every Child- EWEC) द्वारा की गई थी। **अत: विकल्प (a) सही है।**

64. (c)

व्याख्या

- भारतीय संसद तथा राज्य विधानसभा दोनों ही समवर्ती सूची में शामिल विषयों पर कानून बना सकते हैं। इस सूची में मुख्यत: ऐसे विषय शामिल किये गए हैं जिन पर पूरे देश में कानून की एकरूपता वांछनीय है लेकिन आवश्यक नहीं है।
- समवर्ती सूची में स्टाम्प ड्यूटी, ड्रग्स एवं ज़हर, बिजली, समाचार पत्र, आपराधिक कानून, श्रम कल्याण जैसे कुल 52 विषय (मूल रूप से 47 विषय) शामिल हैं।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 1976 के 42वें संशोधन के माध्यम से राज्य सूची के पाँच विषयों को समवर्ती सूची में स्थानांतरित किया गया था। इस पाँच विषयों में शामिल हैं- (1) शिक्षा (2) वन्यजीवों एवं पक्षियों का संरक्षण (3) वन (4) नाप-तौल (5) न्याय प्रशासन अत: विकल्प (c) सही है।

65. (b)

**व्याख्या:**

- भारत और डेनमार्क ने दूरगामी लक्ष्यों वाली 'हरित रणनीतिक साझेदारी' (Green Strategic Partnership) के रूप में एक नए युग की शुरुआत की है।
- यह कदम भारत को जलवायु परिवर्तन एवं अन्य वैश्विक समस्याओं से संबंधित स्थायी समाधान तलाशने में सहायता कर सकता है। **अत: विकल्प (b) सही है।**

नोट :